IDBI BANK

प्रेस विज्ञप्ति
PRESS RELEASE

**तत्काल प्रकाशन/ब्रॉडकास्ट/प्रसारण के लिए**

**पीआर/1453**

## आईडीबीआई बैंक 'फिंटेक फ्यूजन': वित्तीय प्रौद्योगिकी के भविष्य को अनलॉक करने वाला एक कार्यक्रम

**मुंबई, 28 मार्च 2025:** आईडीबीआई बैंक ने 25-26 मार्च 2025 को आईडीबीआई बैंक के प्रधान कार्यालय, मुंबई में 'आईडीबीआई फिंटेक फ्यूजन' का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिसमें फिंटेक इकोसिस्टम के कुछ सबसे अभिनव विचारों को एक साथ लाया गया. इस विशेष कार्यक्रम के जरिए फिंटेक को एक गतिशील मंच के रूप में अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित करने का मौका मिलता है.

ज्ञान साझेदार के रूप में अमेज़न वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में एडब्ल्यूएस और एनपीसीआई के मुख्य सत्र और अग्रणी प्लेयर्स की ओर से लाइव प्रौद्योगिकी प्रदर्शन शामिल थे. 20 से अधिक फिनटेक प्लेटफार्मों ने समर्पित स्टालों पर अत्याधुनिक समाधान प्रस्तुत किए तथा अगली पीढ़ी की वित्तीय प्रौद्योगिकियों के साथ परस्पर संवादात्मक और व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया. दो दिवसीय कार्यक्रम में डिजिटल परिवर्तन, नीतिगत निहितार्थ, जोखिम प्रबंधन और वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र में उभरते रुझानों पर चर्चा की गई.

आयोजन की सफलता पर विचार करते हुए, **श्री जयकुमार एस.पिल्लई, उप प्रबंध निदेशक** ने कहा, *"आईडीबीआई फिंटेक फ्यूजन वित्तीय क्षेत्र में नवोन्मेष और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण था. इस प्लेटफॉर्म ने हितधारकों को ऐसी अग्रणी प्रौद्योगिकियों का पता लगाने में सक्षम बनाया जो डिजिटल बैंकिंग को पुनर्परिभाषित कर रही हैं और ग्राहक अनुभव को बेहतर बना रही हैं. फिंटेक, प्रौद्योगिकी*

*और बैंकिंग के प्रतिभाशाली लोगों को एक साथ लाकर, यह कार्यक्रम विचारों के आदान-प्रदान और भविष्य की रणनीतियों को आकार देने के लिए एक समृद्ध मंच साबित हुआ. डेटा, क्लाउड और फिंटेक साझेदारी पर हमारी डिजिटल परिवर्तन रणनीति को जारी रखते हुए, बैंक अपने इनोवेशन सैंडबॉक्स और डेटा लेक को शुरू करने के लिए एडब्ल्यूएस क्लाउड का भी लाभ उठाएगा."*

प्रिंट, वायर और इलेक्ट्रोनिक मीडिया के सभी प्रतिनिधि.


**आईडीबीआई बैंक लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालय: आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई -** 400 005.
**IDBI Bank Limited, Regd. Office:** IDBI Tower, WTC Complex, Cuffe Parade, Mumbai - 400 005.
**सीआईएन / CIN:** L65190MH2004GOI148838
**विज़िट करें / Visit us:** www.idbibank.in